NEW

Part–II 3-Tier

2015

HINDI

PAPER—II

Full Marks : 90

Time : 3 Hours

The figures in the right hand margin indicate full marks.

Candidates are required to give their answers in their own words as far as practicable.

खण्ड–क

1. निम्नलिखित प्रश्नों में से किसी एक प्रश्न का उत्तर दीजिए : 15×1

   क) कबीर की सामाजिक चेतना पर विचार कीजिए ।

   ख) तुलसीदास की भक्ति भावना पर प्रकाश डालिए ।

   ग) "भूषण वीर रस के सर्वश्रेष्ठ कवि हैं"—कथन की समीक्षा सोदाहरण कीजिए ।

(Turn Over)

2. निम्नलिखित में से किन्हीं **तीन** प्रश्नों के उत्तर दीजिए : 5×3

क) सूरदास के भ्रमरगीत की विशेषताओं का वर्णन कीजिए ।

ख) तुलसी की समन्वय भावना पर प्रकाश डालिये ।

ग) कबीर की भाषा पर विचार कीजिए ।

घ) पठित दोहों के आधार पर बिहारी की नीतिपरक भावना पर प्रकाश डालिये ।

ङ) भूषण के काव्य में राष्ट्रीयता की भावना पर प्रकाश डालिये ।

3. निम्नलिखित में से किन्हीं **पाँच** प्रश्नों के उत्तर दीजिए : 2×5

क) कबीर के गुरु कौन थे ? कबीर की वाणियों के संग्रह का नाम लिखिए ।

ख) सूरदास की किन्हीं दो रचनाओं के नाम लिखिए ।

ग) तुलसीदास की पंक्ति 'करहु लाज निज पन की' का अर्थ लिखिए ।

घ) कबीर को सारे संसार में ढूढ़कर भी बुरा व्यक्ति क्यों नहीं मिला ?

ङ) बिहारी ने राजा जयसिंह को राज्य प्रबंध की ओर उन्मुख करने के लिए कौन-सा दोहा लिखकर भेजा था ? उद्धृत कीजिए ।

च) कवि भूषण द्वारा रचित किन्हीं दो ग्रन्थों के नाम लिखिए ।

छ) 'ज्यों-ज्यों बूड़े स्याम रंग, त्यौं-त्यौं उज्जलु होइ' का अर्थ स्पष्ट कीजिए ।

खण्ड – ख

4. निम्नलिखित में से किसी **एक** प्रश्न का उत्तर दीजिए : 15×1

क) निराला के काव्य-विकास का परिचय दीजिए ।

ख) सुमित्रानंदन पंत की 'नौका-विहार' कविता की मूल-संवेदना स्पष्ट कीजिए ।

ग) जनवादी-काव्यधारा में नागार्जुन का स्थान निर्धारित कीजिए ।

5. निम्नलिखित में से किन्हीं **तीन** की सप्रसंग व्याख्या कीजिए : 5×3

क) मानव-जीवन-वेदी पर
परिणय हो विरह मिलन का
दुख-सुख दोनों नाचेंगे
है खेल आँख का मन का

ख) अरे वर्ष के हर्ष!
बरस तू बरस बरस रसधार!
पार ले चल तू मुझको,
बहा, दिखा मुझको भी निज
गर्जन भैरव संसार!

ग) शव को दें हम रूप, रंग आदर मानव का
मानव को हम कुत्सित चित्र बना दें शव का ?
गत युग के मृत आदर्शों के ताज मनोहर
मानव के मोहांध हृदय में किये हुए घर!

घ) यह जन है: गाता गीत जिन्हें फिर कौन गायेगा ?
पनडुब्बा: ये मोती सच्चे फिर कौन कृति लायेगा ?
यह समिधा: ऐसी आग हठीला बिरला सुलगायेगा ।
यह अद्वितीय: यह मेरा: यह मैं स्वयं विसर्जित:
यह दीप अकेला, स्नेह भरा
है गर्व-भरा मदमाता, पर
इसको भी पंक्ति को दे दो ।

ङ) अब की मैंने जी भर भोगे
गन्ध-रूप-रस-शब्द स्पर्श
सब साथ-साथ इस भू पर
बहुत दिनों के बाद

6. निम्नलिखित में से किन्हीं **दो** प्रश्नों के उत्तर दीजिए : 5×2

क) 'जागो फिर एक बार' कविता का मूल भाव स्पष्ट कीजिए।

ख) पंत की 'ताज' कविता का मूल-भाव लिखिए।

ग) 'मैं नीर-भरी दुख की बदली' कविता की मूल संवेदना को लिखिए।

घ) 'रोटी और संसद' कविता का उद्देश्य स्पष्ट कीजिए।

7. निम्नलिखित में से किन्हीं **पाँच** प्रश्नों के उत्तर दीजिए : 2×5

क) प्रसाद के दो काव्य-संग्रह का नाम लिखिए।

ख) निराला का जन्म कब और कहाँ हुआ था।

ग) नागार्जुन ने नभ-चुम्बी कैलाश-शीर्ष पर क्या देखा ?

घ) मोचीराम की निगाह में हर आदमी क्या है ? और उसके सामने क्यों खड़ा है ?

ङ) ''शब्द जादू हैं —
मगर क्या यह समर्पण कुछ नहीं है''
—कविता और कवि का नाम लिखिए।

च) छायावाद की दो विशेषताएँ लिखिए।

छ) 'साँप' कविता में कवि कौन-सी दो बातें पूछता है ?

—o—